## प्रथम दिवस

1 फरवरी, 2018(बृहस्पतिवार)

| | |
|---|---|
| पंजीकरण | - 9.30 AM से 10.00 AM |
| उद्घाटन | - 10.00 AM से 11.15 AM |
| पैनल परिचर्चा सत्र-I | - 11.30 AM से 01.00 PM |
| तकनीकी सत्र-I | - 01.45 PM से 03.15 PM |
| तकनीकी सत्र-II | - 03.30 PM से 05.00 PM |

## द्वितीय दिवस

2 फरवरी, 2018 (शुक्रवार)

| | |
|---|---|
| पैनल परिचर्चा सत्र-II | - 10.00 AM से 11.15 AM |
| तकनीकी सत्र-III | - 11.30 AM से 01.00 PM |
| तकनीकी सत्र-IV | - 01.45 PM से 03.15 PM |
| समापन सत्र | - 03.30 PM से 05.00 PM |

| परामर्शदात्री समितिः | आयोजन समिति : |
|---|---|
| प्रो. मोहम्मद मियां | डॉ. सदन सिंह |
| प्रो. अनिता रस्तोगी | डॉ. मनोज मीणा |
| प्रो. सरोज पाण्डेय | डॉ. प्रेम सिंह सिकरवार |
| प्रो. नागेन्द्र झा | डॉ. पिंकी मलिक |
| प्रो. भास्कर मिश्रा | डॉ. तमन्ना कौशल |
| प्रो. के. भरतभूषण | डॉ. विचारी लाल मीणा |
| प्रो. रचना वर्मा मोहन | डॉ. भारती कौशल |
| प्रो. रजनी जोशी चौधरी | डॉ. शिवदत्त आर्य |

### संरक्षक

**प्रो.रमेश कुमार पाण्डेय**

(कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली)

### अध्यक्ष

**प्रो. रमेश प्रसाद पाठक**

(संकाय प्रमुख, विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग)

### समन्वयक एवं संयोजक

**डॉ. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**

(परियोजना अध्यक्षा, शिक्षण अधिगम केन्द्र)

### आयोजक

**शिक्षण अधिगम केन्द्र**

**पंडित मदन मोहन मालवीय**

**राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार

**शिक्षाशास्त्र विभाग**

**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ**

(मानित विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

**सम्पर्क :**

**01146060696 9811580640, 9911903939, 9697041877, 9891777666**

**ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in**

**वेबसाइट : slbsrsv.ac.in**

**कार्यक्रम - ४**

# द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी
# अध्यापक शिक्षा में गुणवत्ता के मुद्दे एवं चुनौतियाँ

**(Quality Issues & Challenges in Teacher Education)**

**1-2 फरवरी, 2018**



## शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय**
**राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार**

## शिक्षाशास्त्र विभाग

**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ**

(मानित विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली- 110016

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त

## शिक्षण अधिगम केन्द्र
## (About Teaching Learning Centre)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ शिक्षा विभाग में अनुमोदित शिक्षण अधिगम केन्द्र (Teaching Learning Centre) का उद्घाटन 24 अक्टूबर, 2017 को हुआ। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन (Pandit Madan Mohan Malaviya National Mission on Teachers & Teaching) में प्रस्तावित मुख्य घटक 'पाठ्यक्रम एव शिक्षण शास्त्र हेतु उत्कृष्ट केन्द्र' (Centres of Excellence for Curriculum & Pedagogy) के अन्तर्गत शिक्षण अधिगम केन्द्र एक महत्त्वपूर्ण उप-घटक है। इस स्थापित केन्द्र का मुख्य लक्ष्य संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण अधिगम प्रणालियों का अभिकल्पन, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिये अपेक्षित कुशलताओं का विकास करने हेतु प्रतिबद्ध एवं कुशल शिक्षक, अध्यापक शिक्षक एवं शोधकर्ता तैयार करना है। इसके लिये केन्द्र द्वारा अध्यापकों के कौशल एवं इच्छा स्तरों पर क्षमता सवंर्द्धन तथा भाषा शिक्षण शास्त्र में अपेक्षित कुशलताओं को संवर्द्धित करने हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

## संगोष्ठी संदर्भ
## (About the Seminar)

अद्यतन शैक्षिक सन्दर्भों में प्रतिबिम्बित अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रकरण, गुणवत्ता को मंजिल न मानकर एक सतत चलने वाली यात्रा मानते है जिसमें गुणवत्ता को एक अतिचर्चित सम्प्रत्ययात्मक अवधारणा के रूप में उपकल्पित किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों एवं शिक्षा शास्त्रियों को अपेक्षित स्तर का अवबोध एवं कौशल अर्जित करना होगा जिससे गुणवत्ता को शैक्षिक कार्यक्रमों का समर्थनीय एवं प्रभावी संसूचक बनाया जा सकता है। प्रस्तुत संगोष्ठी में शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं के विविध आयामों एवं उनके प्रभावों से जुड़े प्रमुख मुद्दों की परिचर्चा पर बल दिया जायेगा। संगोष्ठी के विभिन्न सत्र शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में गुणवत्ता के संवर्द्वन, शैक्षिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं वर्तमान परिवर्तित प्रतिमान संदर्भों में संस्तुत आकलन विधियों के लिये विविध मानकों को चिन्हित एवं अन्वेषित करने का प्रयास करेगें।

## संगोष्ठी उद्देश्य
## (Objectives of the Seminar)

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य गुणवत्ता के मानकों पर केन्द्रित व्यापक परिचर्चा करना है। इसके साथ औपचारिक एवं निरौपचारिक शैक्षिक व्यवस्थाओं के विविध संदर्भों में बेहतर और प्रभावी शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं, अधिगम प्रबन्धन और अधिगम परिणामों के आकलन हेतु सम्भावनाओं को ढूंढ़ना भी इस संगोष्ठी का प्रयोजन है।

## उप-विषय
## (Sub-Themes)

- शिक्षण और अधिगम के उभरते प्रतिमान।
  (Emerging paradigms of teaching and learning).
- भाषा शिक्षण शास्त्र में नवाचारी अभ्यास।
  (Innovative Practices in Language Pedagogy).
- शिक्षण शास्त्र और मूल्यांकन में गुणवत्ता मानक।
  (Quality parameters in Pedagogy & Evaluation).
- भाषा अनुदेशन हेतु नवाचारी शिक्षण व्यूह रचनाएँ एवं विधियाँ।
- (Innovative Teaching Strategies& Methods for Language Instruction)
- .भाषा शिक्षणशास्त्र में आकलन व्यूह रचनाएँ।
  (Assessment Strategies in Language Pedagogy).
- भाषा शिक्षण शास्त्रीय शोधों में गुणवत्ता के मद्दे।
  (Quality Concerns in Language Pedagogical Researchers).

## पंजीकरण
## (Registration)

इस संगोष्ठी के लिये किसी भी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं है। इच्छुक प्रतिभागी अपना पूरित पंजीकरण प्रपत्र (Filled Registration Form) tlc@slbsrsv.ac.in से डाउनलोड कर प्रेषित करें। आलेख सहित सारांशिका (abstract) का टंकन अंग्रेजी में font-Times New Roman (font size-12) या हिन्दी में font - Walkman - Chanakya 905 or kruti Dev (font size-14) करे तथा इनकी अधिकतम शब्द सीमा क्रमशः 2500 एवं 150 है। आलेख को हार्ड एवं सॉफ्टकॉपी दोनों में भेजें। सह-लेखन वाले आलेखों में मुख्य लेखक एवं प्रस्तुतकर्ता के नामों का उल्लेख आवश्यक है।

## महत्त्वपूर्ण तिथियाँ
## (Important Dates)

- पंजीकरण प्रपत्र-सहित आलेख एवं सारांशिका हेतु अंतिम तिथि - 15 जनवरी, 2018
- चयनित आलेखों की सूचना -22 जनवरी, 2018
- प्रतिभाग हेतु पंजीकरण - 31 जनवरी, 2018

## आवास व्यवस्था एवं यात्रा
## (Accommodation & Travel)

बाह्य प्रतिभागियों को सायं 31 जनवरी, 2018 से प्रातः 3 फरवरी, 2018 तक आवासीय व्यवस्था तथा यात्रा भत्ता लघुत्तम मार्ग (3 टियर Ac रेल किराया/ वास्तविक बस किराया) द्वारा प्रदान किया जायेगा (अधिकतम रू 5000 टिकट प्रस्तुत करने पर)। आवासीय सुविधा पूर्व निवेदन पर ही उपलब्ध होगी।

## संगोष्ठी कार्यक्रम
## (Seminar Schedule)

संगोष्ठी कुल आठ सत्रों में सम्पन्न की जायेगी जिसमें उद्घाटन एवं समापन सत्रों सहित दो पैनल परिचर्चा एवं चार तकनीकी सत्र होंगे। प्रत्येक पैनल परिचर्चा सत्र में आमंत्रित विशेषज्ञों के वक्तव्य तथा तकनीकी सत्र में पत्र-प्रस्तुतियाँ सम्मिलित होगी।